झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, राँची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

संयुक्त सहायक अभियन्ता (असैनिक/यांत्रिक) मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–05/2019) के संबंध में आवश्यक सूचना।

संयुक्त सहायक अभियन्ता (असैनिक/यांत्रिक) प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थी प्रकाशित विज्ञापन संख्या–05/2019 में दिये गए निदेश की कंडिका–12(q) के अनुसार ऑनलाईन आवेदन की मुद्रित स्वहस्ताक्षरित प्रति के साथ ऑनलाईन आवेदन में की गई प्रविष्टि के अनुरूप सभी वांछित निम्न प्रमाण पत्रों की स्पष्ट एवं पठनीय स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (Hard Copy) निर्धारित अवधि दिनांक–21.08.2020 से दिनांक–15.09.2020 तक आयोग कार्यालय में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे।

(i) जन्म तिथि के लिए मैट्रिक/10वीं उत्तीर्ण प्रमाण पत्र/अंक पत्र

(ii) इंटरमीडिएट या 10+2 उत्तीर्णता प्रमाण पत्र।

(iii) अभियंत्रण की संबंधित शाखा में तकनीकी स्नातक (B.Tech/B.E) उत्तीर्णता संबंधी प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र ।

(iv) जाति प्रमाण पत्र विहित प्रपत्र में (झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग–I एवं पिछड़ा वर्ग–II कोटि के अभ्यर्थियों हेतु)

(v) EWS का विहित प्रपत्र में सक्षम स्तर से निर्गत प्रमाण पत्र।

(vi) सक्षम प्राधिकार द्वारा पूर्ण सूचनाओं सहित विहित प्रपत्र में निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र (निःशक्त अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क में छूट तथा निःशक्तता दावा हेतु)

(vii) भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र (उम्र सीमा में छूट हेतु)

(viii) अनापत्ति प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)।

(ix) खेल–कूद प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो)।

नोटः– वैसे अभ्यर्थी जो प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित हुए हैं वे अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं जन्म तिथि डालकर ऑनलाईन आवेदन की प्रति आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं तथा वैसे सफल अभ्यर्थी जिनके पास रजिस्ट्रेशन नम्बर नहीं है या भूल गए हैं वे अपना ई–मेल आईडी, मोबाईल नम्बर तथा जन्म तिथि डालकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं ऑनलाईन आवेदन की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

2. अभ्यर्थी लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या, पद का नाम, रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं रोल नम्बर अंकित करना सुनिश्चित करेंगे।

3. ऑनलाईन आवेदन की प्रति सहित अभिलेख प्राप्ति की अंतिम तिथि–15.09.2020 के पश्चात् प्राप्त आवेदन/अभिलेख स्वीकार नहीं किये जायेंगे। जिन उम्मीदवारों से निर्धारित तिथि तक आवेदन की प्रति सहित अभिलेख प्राप्त नहीं होगा उनकी मुख्य परीक्षा हेतु उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी एवं इसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग,राँची।